कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा
अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001
टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074
ई–मेल : jdbcollege@gmail.com

क्रमांक:छा.सं.चुनाव–2022 / जादेब / 2022 / 7886 दिनांक: 18/8/22

छात्रसंघ चुनाव अधिघोषणा–2022

राजस्थान सरकार, उच्च शिक्षा(ग्रुप–4) विभाग के पत्रांक प.3(54)शिक्षा–4 / 2002 पार्ट जयपुर दिनांक 29.07.2022 एवं संयुक्त निदेशक (अकादमिक), आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्रांक प.7(4)छात्रसंघ चुनाव / अकाद / आकाशि / 2022 / 653 दिनांक 08.08.2022 के द्वारा, लिंगदोह समिति की सिफारिशों व विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिनांक 26.08.2022 को प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव तथा कक्षा प्रतिनिधियों के निर्वाचन की निम्न कार्यक्रमानुसार अधिघोषणा जारी की जाती है।

क्र.सं.	कार्यक्रम	दिनांक	समय
1.	मतदाता सूचियों का प्रकाशन।	18.08.2022 (गुरूवार)	प्रातः 10.00 बजे से अपरान्हः 3.00 बजे तक
2.	मतदाता सूचियों पर आपत्ति प्राप्त करना।	20.08.2022 (शनिवार)	प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक
3.	मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन।	20.08.2022 (शनिवार).	अपरान्ह 2.00 बजे से सायंः 5.00 बजे तक
4.	उम्मीदवारी हेतु नामांकन पत्र दाखिल करना।	22.08.2022 (सोमवार)	प्रातः 10.00 बजे से अपरान्हः 3.00 बजे तक
5.	उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जाँच एवं आपत्तियां प्राप्त करना।	22.08.2022 (सोमवार)	अपरान्ह 3.00 बजे से सायंः 5.00 बजे तक
6.	वैध नामांकन सूची का प्रकाशन।	23.08.2022 (मंगलवार)	प्रातः 10.00 बजे
7.	उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लिया जाना।	23.08.2022 (मंगलवार)	पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक
8.	उम्मीदवारों की अन्तिम नामांकन सूची का प्रकाशन।	23.08.2022 (मंगलवार)	अपरान्ह 2.00 बजे से सायंः 5.00 बजे तक
9.	**मतदान।**	**26.08.2022 (शुक्रवार)**	**प्रातः 8.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक**
10.	मतगणना एवं चुनाव परिणामों की घोषणा तथा विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलवाना।	27.08.2022 (शनिवार)	सुबह 10.00 बजे से कार्य समाप्ति तक

नोटः–

1. महाविद्यालय परिसर में केवल नियमित छात्राऐं ही प्रवेश की अधिकारी होंगी। महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के पास स्वयं का परिचय पत्र व फीस जमा की रसीद हमेशा साथ रखना अनिवार्य होगा।
2. छात्राऐं चुनाव सम्बन्धी समस्त सूचनायें महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर नियमित रूप से देखें।
3. किसी भी प्रत्याशी को छपे हुए पोस्टर या अन्य छपी हुई सामग्री तथा लाउडस्पीकर, वाहन के प्रचार हेतु महाविद्यालय के अन्दर एवं बाहर उपयोग की अनुमति नहीं है। महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा केवल हस्तनिर्मित पोस्टर का उपयोग अधिसूचित स्थान पर ही किया जा सकता है।
4. समस्त छात्राओं एवं प्रत्याशियों को छात्रसंघ निर्वाचन हेतु आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर राजस्थान सरकार : लिंगदोह समिति की सिफारिशें : माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय : महाविद्यालय के प्राचार्य एवं निर्वाचन कार्यालय द्वारा समय–समय पर दिये गये दिशा–निर्देशों की आवश्यक रूप से पालना करनी होगी।

कार्यवाहक प्राचार्य
जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय, कोटा

फातिमा
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय, कोटा
(Dr. Fatima Sultana)